
# सागवाडा लाईव न्यूज़



**सुचना-**
विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

**डिजिटल अंक** | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 02 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

5 अक्टूबर 2025 रविवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक २५ | ● पृष्ठ ०२ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


## ग्रामीण सेवा शिविर में मिल रही आमजन को राहत, 15 वर्षो बाद सरोज का हुआ राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से शुरू किए गए ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर में आमजन को मिल रही राहत । शिविर पखवाड़ा के तहत शनिवार को ग्राम -खैमारू में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण सेवा शिविर में खातेदार हुरज पुत्री गंगाधर का खाता संख्या 07 में गलत नाम दर्ज हो गया था। जबकि खातेदार का सही नाम सरोज पुत्री गंगाधर है जबकि बचपन में हुरज नाम "नामान्तरण में दर्ज करा दिया था। राजस्व रिकोर्ड एंव अन्य दस्तावेजो में नाम मिलान नहीं होने से भारी समस्या का सामना करना पड रहा था। प्रार्थी 15-20 सालो से इस समस्या से पीड़ित होकर दर-दर भटक रहा था। जिस पर सरकार द्वारा आयोजित इस शिविर में शिविर प्रभारी तहसीलदार डूंगरपुर जियाउर रहमान ने हाथो-हाथ प्रार्थना पत्र शिविर के मुख्य प्रभारी उपखण्ड अधिकारी सावरलाल आबसरा के निर्देश पर उक्त खातेदार का नाम शुरू करने की कार्यवाही कर नाम शुद्धिकरण के लिए पत्रावली उपखण्ड कार्यालय में 136 के तहत भेज दी गई। खातेदार द्वारा प्रशासन को धन्यवाद दिया गया। पंचायत समिति डूंगरपुर की ग्राम पंचायत भटवाड़ा में शनिवार को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुए। आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच, तहसीलदार जिया उर रहमान, विकास अधिकारी की उपस्थिति में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में भाटपुर निवासी दिनेश पिता अभय, महेश पिता अभय, सोमा पिता अभय की कई वर्षों से चली आ रही श्यामलाती भूमि का आपसी सहमति से बंटवारा किया गया । तथा शिविर में 136 के तहत 3 नामांतरण, 4 जाति प्रमाण पत्र एवं एफआरसी के कार्य कर राहत प्रदान की गई।




पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपी

## पातेला में मारपीट की घटना, दो आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर। सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ पुलिस थाना कोतवाली क्षेत्र के पातेला मोहल्ले में युवकों के बीच हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी सुमित नलवाया निवासी हरिजन बस्ती, पातेला ने रिपोर्ट दी कि 2 अक्टूबर 2025 को दोपहर लगभग 11:50 बजे वह अपने अंकल नरेश के घर के बाहर अपने मित्र अंकित और पियूष देव के साथ बैठे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार कुछ युवक वहां आए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौच करते हुए उन पर हमला कर दिया। मारपीट में सुमित और अंकित को चोटें आईं। शोरगुल होने पर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण धारा 126(2), 115(2), 3(5) बीएनएस 2023 व धारा 3(1)(आर)(एस), 3(2)(वीए) एससी/एसटी एक्ट में दर्ज किया।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा और वृत्ताधिकारी तपेन्द्र मीणा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर एफआईआर में फेजान अशरफ पुत्र रईस अहमद, उम्र 23 वर्ष, निवासी हाजीपुरा मोहल्ला घाटी, डूंगरपुर, मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद फिरोज, उम्र 19 वर्ष, निवासी गरीब नवाज कॉलोनी, पातेला, डूंगरपुर को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# धम्बोला पुलिस की कार्रवाई

## ऑपरेशन स्वच्छता के तहत अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी, एक आरोपी गिरफ्तार





● **सीमलवाड़ा** सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर। ऑपरेशन स्वच्छता के तहत पुलिस थाना धम्बोला ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी जीप कंपास कार से अवैध अंग्रेजी शराब की भारी खेप जब्त की है। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 3.60 लाख रुपये बताई जा रही है। 3 अक्टूबर 2025 को संध्या गश्त एवं नाकाबंदी के दौरान सूचना मिली कि बासिया-सागवाड़ा मुख्य मार्ग पर एक कार ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक राहगीर को टक्कर मार दी। सूचना पर हेडकांस्टेबल सोहनलाल (221) मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। मौके पर जीप कंपास कार (नंबर GJ-01-RZ-5908) क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी मिली। कार की जांच करने पर चालक सीट पर बैठे व्यक्ति की पहचान अकित सिंह देवड़ा पुत्र अभयसिंह देवड़ा, निवासी निम्बोलो का गुड़ा, थाना घासा, जिला उदयपुर के रूप में हुई। उसका साथी शंभूसिंह निवासी गामड़ा पाल, थाना सलूम्बर मौके से फरार हो गया। कार की बीच की सीट और डिक्की में 37 कार्टून व 26 पव्वे विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब भरी हुई मिली। आरोपी से परिवहन संबंधी किसी भी वैध दस्तावेज की मांग की गई, लेकिन वह प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा और वृत्ताधिकारी सीमलवाड़ा राजकुमार राजौरा के निर्देशन में थानाधिकारी रिजवान खान के नेतृत्व में प्रकरण संख्या 241/2025, धारा 19/54, राजस्थान आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। आरोपी अकित सिंह देवड़ा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### पटवारी से मारपीट कर राजकार्य में बाधा डालने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी डीसीएस गिरदावरी योजना के अंतर्गत गिरदावरी कार्य में बाधा डालते हुए पटवारी और सरपंच पति पर हमला करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 20 सितंबर 2025 को दोपहर करीब 2 बजे मौजा खेरवाड़ा में गिरदावरी कार्य शुरू करते समय आरोपी हाजा निवासी कण्डुला फला पालदेवल अपने परिवारजनों के साथ धारिया, लोहे के सरिये और पत्थरों से लैस होकर पहुंचा और मौके पर मौजूद पटवारी के साथ गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपी और उसके साथियों ने पटवारी, गिरदावर एवं मौके पर पहुंचे अन्य लोगों को जान से मारने की धमकी दी। पत्थरबाजी में सरपंच पति गणेशलाल कटारा को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सदर डूंगरपुर में प्रकरण संख्या 205/2025 दर्ज किया गया। मामले की जांच पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा और वृत्ताधिकारी तपेन्द्र मीणा के निर्देशन में की गई।अनुसंधान के दौरान पुलिस टीम ने सरगर्मी से तलाश कर मुख्य आरोपी हाजा पुत्र सरदार घोघरा (35), निवासी कण्डुला फला, पालदेवल थाना सदर जिला डूंगरपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## *रोकडिया हनुमानजी धाम के लिए भक्त मंडल का जत्था रवाना*

**उद्देश्य सनातन धर्म की पताका को घर-घर और गांव-गांव तक लहराना**



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर। नगर के श्री रामेश्वर भक्त मंडल के 61 सदस्यों का जत्था रविवार को महंत संत उदयरामजी के सानिध्य में प्रतापगढ़ स्थित श्री रोकडिया हनुमानजी धाम के लिए रवाना हुआ।मंडल अध्यक्ष राजेश भोई ने बताया कि जत्था दो बसों में प्रस्थान कर मंदिर प्रांगण में मंडल का 94वां पाठ संपन्न करेगा। उन्होंने कहा कि मंडल का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की पताका को घर-घर और गांव-गांव तक लहराना है। मंडल संरक्षक मुकेश भोई ने बताया कि आवागमन हेतु बस सुविधा अशोक पिता नानुलाल भोई द्वारा उपलब्ध कराई गई, वहीं भोजन-प्रसादी की व्यवस्था मंडल अध्यक्ष राजेश पिता हरीश भोई ने की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सलाहकार लालशंकर भोई, रमेश भोई, अजय भोई, प्रितम, रोनक असावरा, चिराग, भूपेन, जय, नयन, रघुवीर, नरेश सेवक, राकेश भावसार, सुरेश सुथार, लक्ष्मीनारायण सुथार, चिराग सोमपुरा, मयंक, विस्मय, भव्य, दिलीप, दिव्यराज, हीमांशु, आयुष सहित बड़ी संख्या में युवाओं और मातृशक्ति ने भाग लिया। मातृशक्ति में संध्या भोई, अनिता, शोभा अहारी, लक्ष्मी डेंडोर, बबली बाई, मंगु बाई, नानी बाई, गटी बाई, बसंती भोई, सुमित्रा भोई, पुष्पा भोई, संगीता, रेखा भोई, भावना, तमन्ना, निशा, पूजा आचार्य, सलोनी असावरा, मंदाकिनी, रेखा भोई, शांता सुथार, जोशना सुथार, पुष्पा देवी, पिंकी भोई, प्रिंसी चौबीसा, रेखा सेवक, जागृति सोमपुरा सहित अनेक महिलाएं शामिल हुई। भक्तिमय माहौल में जयकारों के साथ जत्था हर्षोल्लासपूर्वक प्रस्थान किया।

## बारां में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई: 162 बीघा से हटाया अतिक्रमण, भू-माफियाओं में मचा हड़कंप



सागवाड़ा लाईव न्यूज़ संवाददाता बारां, हरीश शर्मा/ किशनगंज वन क्षेत्र में शनिवार को वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 162 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। इस कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया। सुनील कुमार गोड, उपवन संरक्षक बारां के निर्देशन में दीपक शर्मा, रेंजर किशनगंज के नेतृत्व में टीम ने ग्राम गाड़ीघटा क्षेत्र में दबिश दी। यहां आठ लोगों द्वारा वन भूमि पर खेत बनाकर तारबंदी व जाली की फेंसिंग कर रखी गई थी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पीला पंजा (JCB) चलाकर सभी तारबाड़ व फेंसिंग को ध्वस्त कर दिया और भूमि को विभाग के कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के दौरान सहायक वनपाल और 15 सदस्यीय वन स्टाफ मौजूद रहा।वन विभाग ने स्पष्ट किया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

## सागवाड़ा में संघ का विजयादशमी उत्सव आज

संवाददाता | सागवाड़ा लाईव न्यूज़

**Indergarh-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी उत्सव का आयोजन रविवार शाम 6:30 बजे महिपाल खेल मैदान में किया जाएगा। संघ चालक उमाकान्त ने बताया कि इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शहरवासी भी भाग लेंगे। आयोजन के दौरान मुख्य वक्ता स्वयंसेवकों को बौद्धिक संबोधन देंगे। संघ की ओर से बताया गया कि विजयादशमी उत्सव संगठन के लिए विशेष महत्व रखता है और शताब्दी वर्ष के चलते इस बार कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है।

**पारडा ईटीवार में आरएसएस का पथ संचलन**

### विश्व हिंदू परिषद ने किया शस्त्र पूजन, ग्रामीणों ने फूल बरसाकर किया स्वागत



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को आसपुर के पास पारडा ईटीवार में एक विशाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में हुए इस आयोजन में शस्त्र पूजन भी किया गया। देवापुरी धूनी के महंत नारायणपुरी और जैन मुनि समता सागरजी के निर्देशन में यह पथ संचलन निकाला गया। कार्यकर्ता देवापुरी धूनी पर एकत्रित हुए। पारडा ईटीवार मंडल के करवा चप्पनिया और गड़ा नाथजी के स्वयंसेवकों ने गणवेश में कदम से कदम मिलाते हुए संचलन शुरू किया। संचलन गांव के हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर, पीठेड़ माता और रामजी मंदिर से होते हुए ब्राह्मणों के नोहरा पहुंचा, जहां यह एक सभा में परिवर्तित हो गया। इस संचलन में करीब 100 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रास्ते में ग्रामीणों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए मुनि समता सागर ने कहा कि संस्कार युक्त समाज के निर्माण के लिए धर्म की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि धर्म को जीवित रखने का कार्य आज देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कर रहा है। मुनि ने हर व्यक्ति से आरएसएस से जुड़कर देश निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया।

## फकरी कॉम्पलेक्स की पांचवी मंजिल से गिरने पर व्यक्ति की मौत



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ 5 अक्टूबर- डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार को फकरी कॉम्पलेक्स की पांचवी मंजिल से गिरने पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिपाल धनराज कलासुआ (50) निवासी नवा पादर, ओबरी कॉम्पलेक्स की पांचवी मंजिल पर काम करने गए थे। उतरते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधा बेसमेंट में गिर गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर थाना अधिकारी मदनलाल खटीक मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। 108 एम्बुलेंस भी बुलाई गई, लेकिन तब तक महिपाल की मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह हादसा गिरने से हुई मृत्यु का मामला प्रतीत हो रहा है। शव को राजकीय चिकित्सालय सागवाड़ा की मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच चुके हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विधायक घोघरा बोले- आदिवासी हिंदू नहीं है

### RSS-भाजपा को बताया हिंदुओं का ठेकेदार, आदिवासी बच्चों के धर्मांतरण का मुद्दा षड्यंत्र



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ राजस्थान आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने एक बार फिर आदिवासी हिंदू नहीं है का बयान दिया है। विधायक ने शहर के सेंट पोल स्कूल में पिछले दिनों आदिवासी बच्चों के धर्मांतरण के मुद्दे को आरएसएस और भाजपा का षड्यंत्र बताया।वहीं, दोवड़ा थाना क्षेत्र में चोरी के आरोपी की मौत के मामले में पुलिसकर्मियों के पक्ष में सर्वसमाज के प्रदर्शन का विरोध करते हुए उन्होंने भी आंदोलन का अल्टीमेटम दिया।कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा ने दोवड़ा थाने में चोरी के आरोपी से पूछताछ के दौरान मारपीट के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि युवक दिलीप अहारी की मौत पर सरकार को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा देना चाहिए था, लेकिन केवल 27.50 लाख में ही समझौता कर लिया। उन्होंने कहा कि आरोपी पुलिसकर्मियों को अब तक केवल सस्पेंड किया गया है, जबकि उन्हें बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने आसपुर क्षेत्र में सर्वसमाज की बैठक में पुलिसकर्मियों को फिर से बहाल करने की मांग का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें फिर से बहाल किया गया तो इसके खिलाफ हम आंदोलन करेंगे। घोघरा ने पिछले दिनों शहर के सेंट पोल स्कूल के हॉस्टल में कार्रवाई को भी भाजपा ओर आरएसएस का षडयंत्र बताया। उन्होंने कहा कि हॉस्टल में आदिवासी बच्चे पढ़ते है। किसी भी पेरेंट्स को कोई तकलीफ नहीं है, लेकिन धर्मांतरण के नाम पर भाजपा ओर आरएसएस के लोगों ने माहौल बिगाड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग हिन्दुओं के ठेकेदार बनकर बैठे हैं, जबकि आदिवासी हिंदू नहीं है। आदिवासी की पूजा पद्धति, संस्कृति, रहन सहन अलग है। शहर के पातेला कच्ची बस्ती में दो समुदाय के बीच विवाद पर कहा कि शहर में शांत माहौल को भाजपा ओर आरएसएस के लोगों ने माहौल बिगाड़ने का काम किया है। इससे पहले विधायक गणेश घोघरा ने 9 मार्च 2021 को राजस्थान विधानसभा में आदिवासी हिंदू नहीं है वाला बयान दिया था।

